एक नजर में

कृषि विभाग ने दी किसानों को सलाह

छापीहेडा 16 मार्च, सं. नगर व आसपास क्षेत्र में किसान अपने खेत पर ट्रांसफार्मर के आसपास की जगह गेहूं काटकर साफ रखें ताकि बिजली फाल्ट भी हो तो फसल को नुकसान नहीं हो यह सलाह हा ग्रामीण विस्तार अधिकारियों ने किसानों को दी है वहीं वर्तमान में गेहूं की फसल की देखरेख कैसे करें फसल पकाने के दौरान क्या सावधानी रखें इसके बारे में भी बताया हैं नगर व आसपास क्षेत्र में गेहूं की फसल खेतों में खड़ी है वह कटाई का कार्य भी चल रहा है क्षेत्र में गेहूं की फसल का 70 प्रतिशत की बुवाई की गई है . यह रकबा खिलचीपुर विकासखंड में बोई गई चना सरसों सहित अन्य रबि फसलों की अपेक्षा सबसे ज्यादा है देरी से बुवाई वाली फसलों का भी काटने की तैयारी चल रही है . जीई बोले आग से बचाव के लिए ट्रांसफार्मर के पास रखे साफ सफाई किसानों से अपील करते हुए का है कि खेतों में किसानों की गेहूं की फसल पककर तैयार हो चुकी है ऊपर से गर्मी भी बढ़ रही है ऐसे में आगजनी की घटनाएं भी बढ़ जाती है उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया कि वो फसल के पकने पर पहले अपने खेत में लगे ट्रांसफर के आसपास वह तारों के नीचे से फसल की कटाई जरूर करें ताकि तेज हवा के चलते बिजली की तारों आदि के टकराने पर निकलने वाली चिंगारी से आगजनी की घटना के साथ नुकसान से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि किसानों की गेहूं की फसल को आगजनी की घटनाओं से बचने के लिए उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है . ग्रामीण विस्तार कृषि अधिकारी गिरीश गुप्ता ने बताया किसी भी प्रकार से इलेक्ट्रिक फाल्ट होने पर बिजली के तारों से निकलने वाली चिंगारी से आपकी खड़ी फसल को कोई नुकसान न पहुंचे रोड किनारे चलते वाहन चालक बीड़ी सिगरेट पीकर खेतों के किनारे न फेंकें इससे किसान की खड़ी फसल में आग लग सकती है और किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फिर सकता है फसल को आने से बचने के लिए सावधानी जरूरी है . जिले में बिजली की वजह से कहीं गांव में शॉर्ट सर्किट की घटनाएं हो चुकी है .

खेतों में आगजनी रोकने बदलाव

राजगढ़ 16 मार्च, का . ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा प्राप्त लिखित अनुरोध तथा मंत्री, विधायक एवं जिला प्रशासन के निर्देशों के पालन में दिन के समय शॉर्ट सर्किट से संभावित आगजनी की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से विद्युत सप्लाई प्लान में आंशिक परिवर्तन किया गया है . म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा कंपनी के निर्देशों एवं वरिष्ठ कार्यालय से चर्चा उपरांत यह निर्णय लिया गया है कि राजगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाले सभी 33/11 केवी उपकेंद्रों से निकलने वाले 11 केवी ग्रुप के कृषि फीडरों को संचालित किया जाएगा . जिनमें विद्युत आपूर्ति का समय 01.45 बजे से 05 .45 बजे एवं 11 .45 बजे से 17 .45 बजे तक तथा 21 .45 बजे से 01 .45 बजे एवं 05 .45 बजे से 11 .45 बजे तक यह समय-सारणी प्रत्येक मंगलवार को परिवर्तित की जाएगी . विद्युत वितरण कंपनी ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय-सारणी के अनुसार विद्युत का उपयोग करें तथा किसी भी समस्या की स्थिति में निकटतम बिजली कार्यालय से संपर्क करें .

ट्रक के ब्रेक लगाते ही पीछे से भिड़ी एम्बुलेंस

पचोर रेलवे स्टेशन के सामने हाईवे पर स्पीड ब्रेकर के पास हुई घटना, क्षतिग्रस्त हुई एम्बुलेंस

वाहन में फंसे एम्बुलेंस चालक को बमुश्किल निकाला

नवभारत न्यूज

पचोर 16 मार्च, सं. पचोर में रेलवे स्टेशन के सामने हाईवे पर हाल ही में बनाए गये स्पीड ब्रेकर पर सोमवार की तड़के एक ट्रक ने जैसे ही ब्रेकर के यहां एकाएक ब्रेक लगाए कि पीछे से आ रही एम्बुलेंस पीछे से जा भिड़ी. दुर्घटना में एम्बुलेंस चालक वाहन में बुरी तरह फंस गया जिसे काफी मशक्कत के बाद निकाला जा सका. चालक के दोनों पैर में गंभीर चोट आई है.

जानकारी के अनुसार पचोर में रेलवे स्टेशन के सामने पानिया जोड़ क्रॉसिंग के यहां हाईवे पर संबंधित विभाग द्वारा दुर्घटना रोकने के उद्देश्य से विगत दिवस शनिवार को स्पीड ब्रेकर बनाए गये, किंतु हाईवे पर बनाए स्पीड ब्रेकर के कारण कई भारी वाहन चालक भ्रमित होकर अनियंत्रित हो रहे है, ऐसे ही घटनाक्रम में सोमवार की तड़के करीब 4.30



बजे एक ट्रक चालक ने स्पीड ब्रेकर के यहां एकाएक ब्रेक लगाया तो उसके पीछे आ रही एम्बुलेंस ट्रक में जा भिड़ी.

मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला

टक्कर इतनी जोर की थी कि एम्बुलेंस का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया . चालक के दोनों पैर वाहन में बुरी तरह फंस गये . कटर मशीन आदि की मदद से वाहन के क्षतिग्रस्त हिस्से को काटकर चालक को बाहर निकाला जा सका . इसमें एक से डेढ़ घंटे का समय लगा . गंभीर रुप से घायल चालक को तुरंत अस्पाताल ले जाया गया . चालक का नाम महाराष्ट्र निवासी संदीप वात्रे बताया जाता है जो कि उत्तर प्रदेश से मरीज को एम्बुलेंस द्वारा छोड़कर वापस मुंबई महाराष्ट्र जा रहा था कि यह घटना हो गई .

ट्रैक्टर में साउंड कम करने की बात पर दो पक्षों में विवाद, डंडे-फरसे चले

ब्यावरा 16 मार्च, का . मलावर थाना क्षेत्र के नांदियाखेड़ी गांव में ट्रैक्टर में तेज साउंड बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया . बात बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर डंडे और फरसो से हमला कर दिया . घटना में दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए . मलावर पुलिस ने मामले में 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है . मलावर थाना प्रभारी रजनीश सिरोठिया ने बताया कि नांदियाखेड़ी निवासी राजू पुत्र भारत सिंह गुर्जर (30) ने शिकायत दर्ज कराई है . शिकायत में बताया कि गांव में ट्रैक्टर पर बज रहे साउंड को कम करने की बात पर विवाद हो गया . इसके बाद महेंद्र पुत्र अमर सिंह गुर्जर, गजराज पुत्र अमर सिंह गुर्जर, अमर सिंह पुत्र हजारी गुर्जर, मोहर सिंह पुत्र रामसिंह गुर्जर, श्रीराम पुत्र मोहर सिंह गुर्जर और इंदर सिंह पुत्र मोहर सिंह गुर्जर ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया . वहीं दूसरे पक्ष के श्रीराम पुत्र मोहर सिंह गुर्जर (35) ने भी शिकायत दर्ज कराई है . उसने बताया कि राजू पुत्र भारत सिंह गुर्जर, सावन सिंह पुत्र भारत सिंह गुर्जर, भारत सिंह पुत्र राम सिंह गुर्जर और हरिओम पुत्र भारत सिंह गुर्जर ने उस पर हमला किया, जिससे महेंद्र और श्रीराम घायल हो गए .

कीचड़, गंदे पानी से घिरे गांव के आम रास्ते

नवभारत न्यूज

पड़ाना 16 मार्च, सं. एक और जहां सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर लाखों रुपया खर्च कर रही है लेकिन सारंगपुर जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली अधिकांश ग्राम पंचायत में कागजों में नालियों की साफ सफाई एवं पानी निकासी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. ऐसा ही नजारा सारंगपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पड़ाना नारायणपुर बरूखेड़ी सहित अन्य ग्राम पंचायत मैं देखने को मिला जहां महीनौ से नालिया चोक है. जिससे घरों से निकलने वाला मल मूत्र व गंदा पानी चौराहे एवं सड़क पर इकट्ठा होकर बदबू मार रहा है. लेकिन जिम्मेदार द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है.

इसी रास्ते से आंगनबाड़ी बच्चे सहित स्कूली छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण किसानों के ट्रैक्टर दो पहिया वाहन आना जाना करते हैं.स्थानीय ग्रामीण रामचरण शर्मा, संतोष सेन, भुरे खा, दामोदर प्रसाद, रईस खा, बाबू खा, पर्वत सिंह सहित आसपास के रहवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत सरपंच को भी अवगत करा दिया गया लेकिन एक महा बीत जाने के बाद भी जवाबदार इस समस्या को हल नहीं किया.

इसी प्रकार पड़ाना में पंचायत कार्यालय से 100 मीटर दूरी मऊ पड़ाना मेन रोड हायर सेकेंडरी स्कूल वाली गली आवास कॉलोनी जाने वाले रास्ते में भी नालियां चौक एवं पानी निकासी नहीं होने के कारण 100 से भी अधिक घरों के लोगों को इसी रास्ते से आना-जाना पड़ रहा है! यहां पर भी स्थानीय ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत को अवगत करा दिया गया लेकिन अभी तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ.

नाबालिग ने ट्रैक्टर चलाया, 11 हजार का चालान

ब्यावरा 16 मार्च, का. नगर में 8 वर्षीय बच्चे द्वारा ट्रैक्टर चलाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने चालानी कार्यवाही की है. ट्रैक्टर को जब्त कर उसके मालिक पर 11 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है. जांच में पता चला कि ट्रैक्टर लोधीपुरा निवासी जगदीश लोधा (32) का है. जगदीश ने बेटे को ट्रैक्टर चलाने के लिए दिया था,

अखिल भारतीय बागरी समाज की बैठक आयोजित हुई

नवभारत न्यूज

जीरापुर 16 मार्च, सं. नगर के आवास कालोनी शनि मंदिर के पास स्थित श्री कृष्ण पांडव महाराज खाटू श्याम मंदिर में अखिल भारतीय बागरी समाज की बैठक का आयोजन हुआ. जिसमें समाज के गणमान्य जनों की उपस्थित में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आगामी 2 अप्रैल को विवाह योग्य युवक, युवतियों का परिचय सम्मेलन का आयोजन श्री कृष्ण पांडव महाराज में होगा. 18 अप्रैल को श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू किया जावेगा एवं 24 अप्रैल को पूर्णाहुति होगी. इसी के साथ साथ 24 अप्रैल को बागरी समाज का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन भी किया जावेगा.

बैठक में सर्वसम्मति से मदनलाल परोलिया को सम्मेलन अध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं बिरम सिंह काशीखेड़ी कोषाध्यक्ष नियुक्त किया शिवनारायण गुजराती प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिम मध्य प्रदेश, प्रभु लाल टपरियाहेड़ी, मांगीलाल सरपंच, कालूसिंह कोडक्या, शिवलाल मीणागांव , बिरम सिंह कचीखेड़ी, देवसिंह बरमनखेड़ी, बालू सिंह, गणपतलाल, कालूसिंह पड़िया, जगदीश नाइहेडा सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित हुए.

संपत्ति कर, जलकर दुकान किराया में 212 लोगों को नोटिस

नवभारत न्यूज

छापीहेड़ा 16 मार्च, सं. नगर परिषद द्वारा शनिवार को नेशनल लोक अदालत लगाई गई जिसमें बकायादारों को कर टैक्स में राहत दी गई.

नगर परिषद द्वारा 212 बकाया दारो को नोटिस दिए गए थे जिसे संपत्तिकर, जलकर, दुकान किराया बाकी था लोक अदालत में 212 में से 49लोगों ने नगर परिषद कार्यालय में उपस्थित होकर बकाया कर जमा किया हरिओम शर्मा सीएमओ ने बताया कि लोक अदालत में बकाया जमा करने पर सरचार्ज में छूट दी गई शेष बचे बकायादारों से राशि वसूली की जाएगी.

आज की लोक अदालत में 49 बकायादारों ने 2 लाख 9 हजार 92 रुपए की संपत्ति कर जलकर दुकान किराया जमा किया उन्हे सरचार्ज में छूट दी गई इस अवसर पर नगर परिषद कर्मचारी राम नागर, जमील खान, योगेश शर्मा, हरि सिंह दांगी आदि टैक्स जमा करने वाले लोग उपस्थित थे किसानों ने कहा अपने खेतों में ट्रांसफार्मर के आसपास जगह गेहूं की फसल काटकर साफ रखें.

विष्णु यज्ञ में शामिल हुए जिला इंकाध्यक्ष

खिलचीपुर 16 मार्च, सं. नगर के बड़े मेला ग्राउंड में कैवल्य योग आश्रम द्वारा आयोजित अति विष्णु यज्ञ और सनातनी मेले में सोमवार को पूर्व ऊर्जा मंत्री व कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खींची शामिल हुए. उन्होंने यज्ञशाला में अर्चना यज्ञ में बैठकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की. इस अवसर पर पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, रिटायर्ड इंजीनियर गजेंद्र सिंह, इंजीनियर मूलसिंह खिंची, पूर्व पार्षद राकेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे. यज्ञशाला में पहुंचने पर सबसे पहले प्रियव्रत सिंह का रामानंदी तिलक लगाकर स्वागत किया गया. वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया. भगवान शालिग्राम का विधिवत पूजन और अभिषेक किया गया. साथ ही भगवान विष्णु के सहस्त्रनामों के साथ विशेष मंत्रों का जप कराया गया. सुबह करीब 9 बजे से शुरू हुआ अर्चना यज्ञ दोपहर 12 बजे तक चला.

समर्थन मूल्य का इंतजार नहीं कर रहे किसान

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 16 मार्च, का. स्थानीय कृषि मंडी में दो दिन के अवकाश के बाद आज मंगलवार को नीलामी कार्य शुरु होगा. एक दिन पूर्व सोमवार को ही बड़ी संख्या में उपज से भरे वाहन मंडी में आ पहुंचे. गौरतलब है कि कृषि मंडी में इन दिनों सरसों, गेहूं, धनिया की अच्छी आवक बनी हुई है, अधिकांशत: फसल कटाई का कार्य हो चुका है. 1 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी कार्य शुरु होगा किंतु इसके पूर्व कटाई के बाद काफी मात्रा में गेहूं फसल मंडी में आने लगी है. सोमवार को मंडी में गेहूं से भरे वाहन देखे गये. पंजीयन पर खरीदी के पूर्व कृषि मंडी में गहूं की अच्छी खासी आवक होने लगी है, बताया जाता है कि फसल कटाई कार्य में होने वाले खर्च एवं शादी ब्याह के सीजन व अन्य खर्च के चलते पैसों की आवश्यकता को देखते हुए भी समर्थन मूल्य खरीदी के पूर्व ही मंडी में गेहूं की अच्छी आवक देखी जा रही है. 14 मार्च को स्थानीय कृषि मंडी में गेहूं की आवक 5738 क्विंटल रही थी.

1400 उपभोक्ताओं पर 80 लाख रुपए बकाया

नवभारत न्यूज, पड़ाना 16 मार्च, सं. ऊर्जा विभाग के सख्त आदेश के बाद विद्युत आपूर्ति विभाग द्वारा बकाया बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के ऊपर शिकंजा कसना शुरू किया. विभाग की टीम ने ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने के लिए अभियान चलाया जिन विद्युत उपभोक्ताओं के ऊपर 5 माह से अधिक बिजली बिल बकाया है. विभाग से जानकारी के मुताबिक पड़ाना नगर में 1400 से भी अधिक विद्युत उपभोक्ताओं पर 80 लाख रुपए बकाया है. सोमवार मऊ विद्युत आपूर्ति विभाग टीम विद्युत ऑपरेटर कमल सिंह राजपूत, लाइनमैन हरि सिंह यादव, कन्हैया लाल राजपूत,ओमप्रकाश मालवीय, दिनेश राठौर,अनिल कुंभकार, अजय नायक, इस्लाम भाई, इत्यादि द्वारा पड़ाना नगर में बकाया विद्युत उपभोक्ताओं के घर पहुंच कर बकाया बिल राशि जमा करवाने पहुंचे.

आम सूचना

(खसरा क्रं. 384/6/3/2 कुल रकबा 0.253 हेक्टर प.ह.नं. 01 ग्राम पीपलबे जागीर तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र. के संबंध में)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार हेमन्तकुमार शाक्यवार एवं गोरधनलाल शाक्यवार पिता श्री दोलतरामजी शाक्यवार निवासी वार्ड क्र. 04 केनरा बैंक के पीछे ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र. ने भूस्वामी श्रीमती जतनकुंवरजी, धर्मपालसिंह राणा एवं राजपालसिंह राजपूत पिता श्री शिवराजसिंहजी राजपूत निवासी ग्राम पीपलबे जागीर की संयुक्त हिस्सेदारी की पैत्रृक कृषि भूमि खसरा सर्वे क्रं. 384/6/3/2 कुल रकबा 0.253 हेक्टर अर्थात एक बीघा कृषि भूमि प.ह.नं. 01 ग्राम पीपलबेजागीर तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ में स्थित कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा भूस्वामी से तय करके आंशिक अग्रीम बयाना राशि का भुगतान करके इकरारनामा/सहमतिपत्र लिखवा लिया है। उक्त सर्वे नंबर की क्रय की जा रही कृषि भूमि एन.एच 52 राजगढ़ ब्यावरा मुख्य मार्ग से लगी होकर श्रीयादव वेयर हाउस के पास, सामने की ओर ग्राम पीपलबेजागीर में स्थित है। उक्त भूमि के सीमांकन हेतु भूस्वामी द्वारा लोकसेवा केन्द्र ब्यावरा में आवेदन देकर पड़ोसी भूस्वामी कृषकों, पंचों एवं क्रेतापक्ष के समक्ष हल्का पटवारी से विधिवत नपाई करवाकर पटवारी द्वारा किये गये निशानातों पर सीमांकन करवा लिया है। पटवारी द्वारा किये गये सीमांकन के पंचनामा पर पड़ोसी कृषकों, पंचों, विक्रेतापक्ष, क्रेतापक्ष द्वारा हस्ताक्षर किये गये है। उक्त भूमि की चर्तुसीमा निम्नानुसार है. क्रमश: पूर्व दिशा में एन.एच. 52 राजगढ़ ब्यावरा मुख्य मार्ग स्थित है। पश्चिम दिशा में धर्मपालसिंहजी राणा एवं विष्णुसिंहजी आदि अन्य की भूमि स्थित है। उत्तर दिशा में संतोषजी अग्रवाल की भूमि स्थित है।दक्षिण दिशा में रामचरणजी, कनीरामजी की भूमि स्थित है। अत: उक्त भूमि अथवा उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति या पारिवारिक सदस्य का स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य, हिस्सा, विक्रय अनुबंधपत्र, विक्रयपत्र, अंतरण, दानपत्र, वसीयतनामा, गिरवीनामा, बैंककऋण, सोसायटीऋण, किसी भी प्रकार का लेना देना, शासकीय, अर्दशासकीय संस्था एवं निकाय को किसी भी प्रकार की कानूनी दावा आपत्ति, वाद, विवाद, कोर्ट केस आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस की अवधि के भीतर लिखित दस्तावेजों सहित मयप्रमाण आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। यदि समयावधि में मुझे आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरे पक्षकारों द्वारा उक्त भूमि को क्रय करके आपत्ति की निर्धारित समयावधि पश्चात स्वयं अथवा अन्य क्रेता के पक्ष में विधिवत विक्रयपत्र/रजिस्ट्री का पंजीयन करवा लिया जावेगा। समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति विचारणीय नहीं होकर प्रभावशून्य मानी जावेगी।

जी.डी. शाक्यवार एडवो.
मोबा.नं. 94254-76307
कार्यालय- बैकुण्ठ मार्ग
राजगढ़ रोड़ ब्यावरा

लापरवाही राजगढ़ रोड़ पर आठ स्पीड ब्रेकर बने लेकिन पुताई किसी पर नहीं

पचोर की दुर्घटना को दोहराना चाहता है लोक निर्माण विभाग

जानकारी के अभाव में वाहन और यात्री हो रहे दुर्घटनाग्रस्त

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 16 मार्च, का. स्पीड ब्रेकर निर्माण के बाद उस पर सफेद रंग नहीं पुताने के कारण आज पचोर में हुई दुर्घटना में एक एंबुलेंस चालक गंभीर घायल हो गया है.

उल्लेखनीय है कि पचोर में रेलवे स्टेशन के सामने दुर्घटना रोकने के लिये बने स्पीड ब्रेकर से इसलिये दुर्घटना हो गई क्योंकि हाईवे पर बने स्पीड ब्रेकर को सफेद रंग से पोता भी नहीं गया और वाहन चालकों को वे दिखाई नहीं दिये. सोमवार प्रात: तो एक एंबुलेंस चालक की जान पर बन आई. उसे गंभीर अवस्था में इंदौर रिफर किया गया है.

ब्यावरा नगर में अकेले राजगढ़ रोड़ पर पीपल चौराहे से राजगढ़ बायपास चौराहे तक आठ स्पीड ब्रेकरबने हुए है. एक पर भी सफेद कलर पोता नहीं गया है. कई वाहन चालक स्पीड में आते है और उन्हें स्पीड ब्रेकर नहीं दिखता है. इस कारण कई बार वाहन चालक और यात्री दुर्घटनाग्रस्त हो गये है. आश्चर्य की बात है कि इस विषय पर न तो लोकनिर्माण विभाग गंभीर है न ही नगरपालिका अथवा प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहता है.

इन सभी की अनदेखी यह बताती है जैसे वे पचोर जैसी घटनाओं को ब्यावरा में भी दोहरना चाहते है. लोकनिर्माण विभाग द्वारा वाहनों की स्पीड को नियंत्रित करने तथा किसी दुर्घटना को रोकने स्पीड ब्रेकर तो बना दिए गये किंतु इन पर थर्मोप्लास्टिक पेंट नहीं किए जाने से यहां दुर्घटना का खतरा हर समय बना रहता है.

डामर की सड़क पर उसी कलर के स्पीड ब्रेकर से वाहन चालक दग्भ्रमित हो जाते है. समीप आने पर जब स्पीड ब्रेकर दिखाई देते है और ब्रेक लगाया जाता है तो वाहन अनियंत्रित होकर फिसल जाते है, आये दिन वाहन चालक इन स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित हो जाते है. कई वाहन चालक चोटिल तक हो चुके है. रात के अंधेरे में यह स्पीड ब्रेकर और भी जोखिम भरे होते है.

विभाग ने कहा था थर्मोप्लास्टिक पेंट कराएंगे - डामर के स्पीड ब्रेकर नजर नहीं आने तथा दुर्घटना का खतरा बना रहने के चलते लोकनिर्माण विभाग द्वारा स्पीड ब्रेकर पर थर्मोप्लास्टिक पेंट कराए जाने का भरोसा दिलाया गया था किंतु महीनों गुजरने के बाद भी आज तक स्पीड ब्रेकर जस की तस अवस्था में होकर जोखिम भरे बने हुए है.

विभाग के इंतजार में स्थानीय लोगो ने कराया पेंट

लोक निर्माण विभाग ने स्पीड ब्रेकर पर थर्मोप्लास्टिक पेंट कराये जाने की बात कही थी. उसके द्वारा नहीं कराने से परेशान लोग रोज दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है. इस समस्या को देखते हुए रविवार रात राजगढ़ रोड़ पर कॉलेज के सामने कुछ लोगो ने सफेद पेंट कराया. आये दिन दुपहिया वाहनों के स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित होने, दुर्घटना का डर बना रहता है. इस एक स्पीड ब्रेकर पर सफेद पेंट करवा देने से वह दूर से ही नजर आने लगा है. इससे दुर्घटना का भी डर काफी हद तक दूर होगा. हालांकि इस रोड पर अभी सात स्पीड ब्रेकर बिना कलर के बचे हुए है.

विज्ञापन एवं क्लासीफाईड के लिए सम्पर्क करें
9993866399